हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 युवा उत्सव में हिंदू कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



11 कानूनी अधिकारों के प्रति किया प्रेरित



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल व कारतूस के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने गांगोली के पास युवक को काबू कर कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस का एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ गांगोली की तरफ गश्त कर रहा था। उसी दौरान ड्रेन के निकट युवक पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगा था।

### गांव कुकरकंडा में रात्रि प्रवास कार्यक्रम आज

**कैथल।** एडीसी सुरेश राविश ने कहा कि 26 नवंबर को राजौंद खंड के गांव कुकरकंडा के राजकीय स्कूल में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्कीमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जाएगी।

### पराली जलाने पर एक के खिलाफ मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना कलां गांव में पराली जलाने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार किसानों को पराली ना जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद किसान पराली जलाने से बाज नही आ रहे हैं। जुलाना क्षेत्र में 10 किसानों पर पराली जलाने के आरोप में मामले भी दर्ज किए गए हैं।

### शहर के सेक्टर 18 से मिला व्यक्ति का शव

**कैथल।** सेक्टर 18 में करनाल रोड से थोड़ी दूरी पर करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क के किनारे पाया गया। सड़क पर शव मिलने से आसपास में सनसनी फैल गई। सुबह सेक्टर में सैर करने के लिए आए लोगों ने जैसे ही लोगों ने शव को देखा, तो तुरंत इसकी सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। एसएचओ रामनिवास ने बताया कि सुबह पुलिस थाना में किसी व्यक्ति ने सूचना दी थी।

### नकदी-मोबाइल के साथ किशोरी लापता, केस दर्ज

**जींद।** राम कालोनी से युवती के नकदी तथा मोबाइल के साथ गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राम कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी नाबालिग बेटी घर से पचास हजार की नकदी व मोबाइल के साथ घर से गायब हो गई।

### कस्सी-बरछी से हमला कर किया घायल, केस

**कैथल।** थाना सीवन पुलिस द्वारा मारपीट का एक मामला दर्ज किया गया है। गांव हिम्मतपुरा के गैल सिंह ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 नवंबर को गांव के ही जगमेल, काबिल और हरभजन ने उसे पर कस्सी ओर बरछी से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जनरल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोसाईं खेड़ा के स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गोसाईं खेड़ा गांव के सरकारी स्कूल से तीन बैट्री-तीन इंवर्टर चोरी के आरोप में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुख्य शिक्षक कांता ने शिकायत में बताया कि रविवार को चोरों ने ताला तोड़कर स्कूल में रखे तीन इंवर्टर व तीन बैट्री चोरी कर लिए।

### चोरों ने लाखों के उपकरण चुराए

**कैथल।** जिले में दो स्थान से चोर बिजली के लाखों के उपकरण चुरा कर ले गए। पहले मामले में बिजली निगम कैथल के उपमंडल अभियंता भारत भूषण काला ने आरोप लगाया है कि 23 नवंबर को चोर गांव मुन्ना रेहडी में 33 केवीए लाइन से एसीएसआर कंडक्टर चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 537264 रुपये बताई गई है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर जींद से 180 और कैथल से 160 बसें लोगों को लेकर कुरुक्षेत्र पहुंची

# जींद-कैथल में दिनभर यात्री बसों के लिए भटके

### जींद से अलसुबह चलने वाली लंबे रूट की बसों के साथ-साथ लोकल रूट पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा

**जींद डिपो की एक दिन की कमाई दस लाख रुपये से ज्यादा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कुरुक्षेत्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर जींद से लोगों को ले जाने के लिए कुल 180 बस रवाना हुई। इमसें रोडवेज बसों की संख्या 118 रही, जबकि सोमवार को 113 रोडवेज बस कुरुक्षेत्र भेजे जाने की योजना था। मंगलवार को कुरुक्षेत्र जाने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए पांच और अतिरिक्त रोडवेज बस लगाई गई। जबकि परिवहन समिति की 60 से ज्यादा बस कुरुक्षेत्र गई। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़। जींद से अलसुबह चलने वाली लंबे रूट की बसों के साथसाथ लोकल रूट पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जींद से अल सुबह चार बजकर 20 मिनट पर चंडीगढ़, सुबह साढ़े पांच बजे गुरुग्राम व पटियाला, पांच बजकर 40 मिनट पर पौंटासाहिब, पांच बजकर 50 मिनट पर हरिद्वार, छह बजकर 20 मिनट हरिद्वार, सात बजकर 50 मिनट पर हरिद्वार, नौ बजकर 25 मिनट पर हरिद्वार, आठ बजकर 40 मिनट पर गुरुग्राम जैसे लंबे रूट बाधित रहे। इसके अलावा कैथल, भिवानी व कुरुक्षेत्र जैसे लोकल रूट पर भी बसों का संचालन बाधित रहा। आमतौर पर बूथ से हर 10 से 12 मिनट में रूट के लिए बस निकलती है लेकिन बसों की कमी के चलते यात्रियों को आधा घंटा से लेकर पौना घंटा तक इंतजार करना पड़ा। जींद डिपो में रोडवेज बसों की संख्या लगभग 170 है और परिवहन समिति की 162 बस अलग-अलग लोकल रूटों पर दौड़ रही है। ऐसे में मंगलवार को 52 रोडवेज और परिवहन समिति की लगभग 100 परिवहन समिति की बस ही यात्रियों के लिए उपलब्ध है। जींद डिपो की रोडवेज बसों में हर रोज लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे डिपो को एक दिन में लगभग दस लाख रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होता है। हांसी, असंध, नरवाना, गोहाना और पानीपत जैसे लोकल रूट पर यात्रियों को प्राइवेट बसों का ही आसरा होता है। जिलेभर में अलग-अलग रूटों पर 162 प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं। इनमें नरवाना रूट पर 31, असंध रूट पर 16, गोहाना और बरवाला रूट पर 19, हांसी रूट पर 26, पुंडरी रूट पर तीन, जींद से पानीपत रूट पर 26, पिल्लूखेड़ा से रोहतक रूट पर पांच, नरवाना से हांसी रूट पर पांच, नरवाना से कैथल रूट पर 24 और नरवाना से हिसार रूट पर 20 निजी बसें शामिल हैं। मंगलवार को रोडवेज सहित प्राइवेट बस जाने पर यात्रियों को परेशानी हुई। वहीं प्राइवेट बस यूनियन के प्रधान अजय कुमार ने कहा कि जींद से प्राइवेट बसें कुरुक्षेत्र रैली में गई थी।



जींद। बस अड्डा पर परेशान यात्री। फोटो :हरिभूमि



कैथल। बस न होने के कारण खाली पड़ा बस स्टैंड। फोटो :हरिभूमि

### निजी वाहन चालकों ने वसूला मनमाना किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रदेशस्तरीय श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदानी दिवस कार्यक्रम में रोडवेज व निजी बसें जाने के कारण रूटों पर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पडा सुबह के समय ही गांव के यात्रियों को रोडवेज की बसें नहीं मिली। गांव के बस स्टॉपिजों पर घंटों खड़ा रहने के बाद अधिकतर यात्रियों को मायूस होकर वापस घर लौटना पड़ा। स्कूली बच्चे की निजी वाहनों में लटकर शहर तक पहुंचे। ऑटो चालकों व कैब वालों ने मनमानी का किराया वसूला। बस अड्डा पर सुबह ही लोग बसों के लिए भटकना शुरू हो गए और दिनभर बूथों के सामने बसों के इंतजार में खड़े रहे। पूछताछ केंद्र पर दिनभर यात्रियों की भीड़ देखी गई। रोडवेज विभाग भी लाउडस्पीकरों के माध्यम से यात्रियों को बसों संबंधित जानकारी देता दिखा। अड्डा प्रबंधक कार्यालय में भी स्पेशल कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। बसों कम होने के कारण यात्रियों को खिड़कियों पर लटकर सफर करना पड़ा। महिला से लेकर बुजुर्ग बसों के लिए बस अड्डा पर इधर- उधर भटकते दिखे।

**कैथल में 203 सरकारी बसें**

कैथल डिपो में इस समय 203 रोडवेज की बसें है। रोजाना 18 हजार के करीब यात्री बसों में सफर तय करते हैं। बॉक्स- रात्रि ठहराव वाली बसें नहीं आई स्टॉपिजों से मंगलवार सुबह अधिकतर रात्रि ठहराव बसें अपने रोजाना के निर्धारित स्टॉपिजों से नहीं आई। यात्रियों को आटो, ई-रिक्शा व निजी गाड़ियों में सवार होकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। सुबह के समय स्कूल व कालेजों में आने वाले विद्यार्थी भी देरी से पहुंचे।

**विभाग ने मांगा था ब्योरा**

बता दें कि करीब चार दिन पहले मुख्यालय से नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में जाने के लिए बसों का ब्योरा मांगा था, उसके बाद रोडवेज विभाग ने ब्योरा बनाकर मुख्यालय को सूचना भेज दी थी। सोमवार शाम को कैथल डिपो से 120 रोडवेज व 40 निजी बसों को कार्यक्रम में जाने वाले लोगों के लिए शहर व गांव में भेज दिया था। 60 बसें रोडवेज व 40 बसें निजी कैथल के लोगों को कार्यक्रम स्थल तक लेकर पहुंची। बसों में 20 से 30 के करीब यात्री मौजूद थे। दिनभर प्रशासन की तरफ से भी बसों को रोडवेज से ब्योरा मांगा। 60 बसें कुरुक्षेत्र डिपो में भेज दी थी।

## हत्या के मामले में 9वां आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव बड़सीकरी में मटौर के युवक की हत्या करने के मामले की जांच थाना कलायत प्रबंधक इंस्पेक्टर सतपाल सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बड़सीकरी निवासी विकास उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मटौर निवासी सतपाल सिंह की शिकायत अनुसार बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे उसका बेटा प्रवीन गांव खडालवा के शिव मंदिर में माथा टेकने गया था। वह शाम तक वापस नहीं लौटा। रात डेढ़ बजे बड़े भाई के घर पर गांव का ही युवक सोनू, दीपक व सतीश आए।



हत्यारोपी थाना कलायत पुलिस गिरफ्त में

**मामले की जांच जारी**

पूछताछ में सामने आया था कि 18 जुलाई को गुरजीत उर्फ जीता व अन्य ने गांव के ही संजय पर हमला करके चोटे मारी थी। जो घायल संजय अस्पताल में भर्ती था। संजय 23 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी मिलने उपरांत घर आया था। जो प्रवीन मटौर उस दिन शाम के समय संजय को मिलने के लिए गया हुआ था। संजय, प्रवीन व अन्य ने मिलकर शराब पी तथा वह सभी उसी रात संजय को चोटे मारने वाले युवको के मोहल्ले में जाकर गाली देने लगे तथा ललकारने लगे। जो गुरजीत उर्फ जीता, प्रदीप व अन्य भी अपने हाथो में लाठी डंडे व गंडासी लिए आ गए तथा उनपर हमला कर दिया। बाकी सभी फरार हो गए परंतु उस हमले में प्रवीन को ज्यादा चोटे लगी तथा वह गली में गोबर मैंद पर गिर गया। सुबह प्रवीन मृत अवस्था में मिला। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले में 8 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके है।

## आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर हड़पे 49. 83 लाख

### अपहरण कर ले गए मलेशिया, रिहा करवाने की एवज में वसूली दस लाख की फिरौती

- अपहरण के बाद दोनों लड़कों को टार्चर करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अस्ट्रेलिया भेजना का झांसा देकर 49 लाख 83 हजार रुपये हड़पने तथा अपहरण कर फिरौती वसूलने पर पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किठाना निवासी मोहम्मद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दो बेटों को विदेश भेजने का इच्छुक था। उसका संपर्क गांव सुदकैन खुर्द निवासी सतीश के माध्यम से दिसंबर 2035 में गांव उझाना निवासी रामकरण से हुआ। रामकरण ने कहा कि उनकी दिल्ली निवासी अशोक तथा पांडेय से अच्छी जान पहचान है। जो विदेश भेज कर युवकों रोजगार दिलाता है। दोनों बेटों को वर्क वीजा पर आस्ट्रेलिया भेजने के लिए 70 लाख रुपये राशि तय हो गया। आरोपितों को बेटों के दस्तावेज के साथ 40 लाख 83 रुपये की राशि आरोपितों के खातों में भेज दी गई। बातचीत के दौरान आरोपितों ने कहा था कि वे बच्चों को सीधे अस्ट्रेलिया भेजेंगे। बाद में आरोपितों ने 19 जुलाई 2024 को उसके बेटों को थाईलैंड भेज दिया। जिसके बाद उसके बेटों का अपहरण कर मलेशिया ले जाकर उन्हें टॉर्चर किया गया। बच्चों की रिहाई के लिए दस लाख रुपये की फिरौती वसूली की गई। 27 जुलाई को उसके बेटे वापस देश लौट आए। बेटों के हालातों को देखते हुए उसने अपने रुपये वापस मांगे। जिस पर आरोपितों ने कुछ दिन इंतजार करने के लिए कहा। जब उसने राशि के लिए दबाव बनाया तो आरोपितों ने राशि लौटाने से मना कर दिया।

**मामले की जांच की जा रही**

शिकायत के आधार पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने सतीश, रामकरण, अशोक तथा पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी, अपहरण करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## गांव पाई से अवैध असला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

- ऑपरेशन ट्रेक डाउन: दो अवैध देशी पिस्तौल व 10 कारतूस मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ऑपरेशन ट्रेक डाउन तहत स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा गांव पाई क्षेत्र से अवैध असला अमुनेशन सहित दो आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 2 अवैध देशी पिस्तौल व 10 कारतूस बरामद हुए है। एसपी उपासना ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम रात्रिकालीन गशत दौरान पूंडरी क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की गांव पाई में बस अड्डा के पास एक शादी प्रोग्राम में दो लड़के अवैध पिस्तौल लिए हुए है। जो उस प्रोग्राम में डीजे पर देशी पिस्तौल के साथ नाच रहे है। जिनको दबीश देकर अवैध असला सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन करके उक्त स्थान पर बज रहे डीजे के पास दबिश दी गई। दो युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हे सतर्क पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया। दोनो युवको की पहचान गांव बाता निवासी रोहित व मोहित के रूप में हुई। दोनो युवक सगे भाई है।

## ओवरलोड वाहनों से आमजन परेशान

- नगरवासी कई बार प्रशासन को लगा चुके गुहार, समस्या का समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर में इन दिनों ओवर लोडिंग गुजरने वाले वाहनों ने लोगों को परेशान कर रखा है। जब यह वाहन सड़क मार्ग से गुजरते है तो सामने से आने वाला कोई भी वाहन सड़क से नहीं गुजर सकता, जिससे दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इस बारे नगर के लोगों ने कई बार पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया, लेकिन पुलिस प्रशासन ने भी इस ओर कार्यवाही नहीं की। जिससे ओवर लोडिंग वाहन चालकों के हौसले बुलंद होते चले गए। ओवर लोडिंग वाहन चालक अपनी मर्जी से वाहनों को सड़क से लेकर गुजरते हैं कई बार तो इन वाहनों की वजह से सड़क मार्ग पर जाम लग जाता है। लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं करती। चालक अशोक ने बताया कि जब यह वाहन चालक तूडी व पराली से भरे ट्रैक्टर ट्राली लेकर गुजरते हैं तो कई बार वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं ऐसे में वाहन चालकों के लिए वाहन रोकने के अलावा कोई विकल्प नही होता। जबकि यह ओवर लोडिंग वाहन चालक प्रशासन को ठेंगा दिखाते वाहन लेकर सड़क से सरेआम गुजरते हैं।



राजौंद। गांव से गुजर रहे ओवर लोडिंग वाहन। फोटो :हरिभूमि

## गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से कार सवार युवक की मौत

**पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सोमवार देर रात सिरटा नहर के पास गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से कार सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव छौत हाल बालाजी कालोनी गली नंबर पांच के सुधीर (25) के रूप में हुई है। मृतक सुधीर के ताऊ के लड़के अमित की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई की है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। थाना शहर प्रभारी गीता ने बताया कि सोमवार देर रात को सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम को जानकारी मिली कि सोमवार रात करीब आठ बजे गांव सिरटा के पास रजबाहा वाला मोड के पास गाड़ी का संतुलन बिगड़ा है। सुधीर अपनी गाड़ी में अकेला कैथल स्थित अपने घर से गांव सिरटा में शादी समारोह में भाग लेने के लिए जा रहा था। रजबाहे के पास मोड पर अचानक से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी रजबाहे के ऊपर से निकल कर सफेदे से जा टकराई।

### दूषित पानी की निकासी न होने से दुकानदार व राहगीर परेशान

# सीवरेज ओवरफ्लो से सर्विस रोड पर पानी भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

दिल्ली-पटियाला रोड पर बने सर्विस रोड पर सीवरेज ओवर फ्लो होने से गंदा पानी सड़क पर भरने से दुकानदारों, राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर जो लाइन है वो बीच में टूट जाने से पानी की निकासी नहीं हो पाने से सीवरेज ओवरफ्लो हो रहे है। कई बार नियमित रूप से समाधान की मांग की जाती है ताकि सीवरेज ओवरफ्लो होने की समस्या दूर हो। दुकानदार मनोज, बलजीत, राजीव ने कहा कि जो सर्विस रोड पर सीवरेज लाइन है वो बीच में से टूटी हुई है। पानी की निकासी नहीं होने से सीवरेज ओवरफ्लो हो रही है। सीवरेज के ढक्कन से पानी रिस कर सड़क पर रहा है। यहां से आने-जाने वालों के साथ.साथ दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जन स्वास्थ्य के जेई पुनीत ने बताया कि हाइवे से कट की परमिशन मांगी गई है ताकि सड़क पार लाइन से सीवरेज लाइन को जोड़ा जा सकें।



उचाना। सर्विस रोड पर सीवरेज ओवर फ्लो होने से भर दूषित पानी।

**पानी निकासी की व्यवस्था की जाए**

**राजौंद।** रोहेड़ा मार्ग पर पानी की निकासी न होने से सारा गंदा पानी सड़क के साथ जमा हो जाता है। इसके अलावा कुछ किसानों की फैसले भी इसकी वजह से खराब हो रही हैं। दूसरा यहां एक प्राइवेट स्कूल भी है जहां सैकड़ो बच्चें शिक्षा ग्रहण करते हैं और उन्हें भी इस पानी की दुर्गंध से परेशानी होती है। प्रशासन द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। मार्ग के साथ लगते घरों से आने वाला सारा पानी यहां एक खाई में जमा हो जाता है जो ओवरफ्लो होकर खेतों के साथ-साथ सड़क पर भी भर जाता है और इससे सड़क भी टूट रही है। दूसरा यहां एक प्राइवेट स्कूल के सामने गंदा पानी होने के कारण विद्यार्थियों को बहुत परेशानी हो रही है। लोगों ने प्रशासन से कई बार मांग की है कि पानी निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था की जाए। लेकिन वही डाक के तीन पात वाली बात बनकर रह गई है। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही। इसे लेकर लोगों में भारी रोष है लोगों ने मांग कि है की यहां पानी निकासी की व्यवस्था की जाए।



कुराड़ में धूप सिंह मेट के परिवार को जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खोया सामान लौटाते ग्रामीण।

**कुराड़ के पालाराम ने दिया ईमानदारी का परिचय**

**कलायत।** गांव कुराड़ स्थित चहल पट्टी के पाला राम ने ईमानदारी का बड़ा उदाहरण पेश किया है। पाला राम को हाल ही में रास्ते में एक पर्स मिला। इसमें कीमती आभूषण, नकदी और अन्य जरूरी सामान रखे हुए थे। सामान्य परिस्थितियों में कोई भी व्यक्ति इस बहुमूल्य सामान को अपने पास रखने के बारे में सोच सकता था। पाला राम ने इसके विपरीत ईमानदारी को सर्वोपरि रखा। पर्स मिलने के तुरंत बाद उन्होंने इसकी जानकारी गांव के जिम्मेदार लोगों को दी। मालिक को खोजने की छानबीन शुरू की। जल्द ही पता चला कि यह पर्स गांव के ही मजदूर धूपा मेट की पत्नी का है। पर्स कुछ दिन पहले काम पर जाते समय कहीं गिर गया था। पर्स में करीब दो तोले सोने के आभूषण और नगदी थी। जिसे खोने से परिवार बेहद परेशान था। जब पर्स मिलने की खबर धूपा मेट तक पहुंची तो उनके चेहरे पर खुशी और राहत साफ झलक रही थी। पाला राम ने ईमानदारी का परिचय देते पर्स को गांव के सरपंच प्रतिनिधि रणधीर सिंह काला, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह और ग्रामीणों की मौजूदगी में उसके वास्तविक मालिक को लौटा दिया।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

## लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।




# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

## टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।

***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।



## 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेतोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल ज़ोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** *: धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** *: धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** *: ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** *: फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** *: मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** *: 'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप



कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के स्वयंसेवकों ने यूथ रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर, जो 8 नवम्बर से 12 नवम्बर 2025 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, में महाविद्यालय का सराहनीय प्रतिनिधित्व किया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में रेड क्रॉस के मूल सिद्धांत– मानवता, निष्पक्षता, सेवा और सहयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

### चोरों ने हजारों की नकदी समेत सामान चुराया

**कैथल।** चीका पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। रत्ता खेड़ा धडाम के गुरदेव सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति उसके क्लीनिक में घुसकर वहां पर रखे 5100 की नकदी तथा तीन मोबाइल फोन चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 40000 बताई गई है। दूसरे मामले में चीका के विशाल गोयल ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 नवंबर की रात को अज्ञात चोर डेरा भाग सिंह स्थित उसकी दुकान में घुसकर वहां पर उसके गल्ले में रखें करीब 50000 की नगदी तथा अन्य दस्तावेज चुरा कर ले गए। एएसआई अमित ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंदी से मिला सिमकार्ड और मोबाइल की बैटरी

**कैथल।** कैथल की जिला जेल में एक बंदी से एक मोबाइल फोन की बैटरी और सिम कार्ड मिलने का मामला प्रकाश में आया है। जिला जेल कैथल की उप अधीक्षक शैलाक्षी भारद्वाज ने थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 नवंबर को जब जेल में बंदियों जांच की जा रही थी तो बैरक नंबर पांच के बंदी परमजीत निवासी सोनीपत से एक मोबाइल फोन की बैटरी तथा एक सिम कार्ड बरामद किया गया। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर जॉनी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक का अपहरण कर की मारपीट, शिकायत

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस द्वारा एक व्यक्ति का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खरक पांड के बलिंदर सिंह ने थाना कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 नवंबर को जब उसका लड़का मांशु दादा पोता होटल के निकट से जा रहा था तो एक गाडी में सवार चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके बेटे को किडनैप कर लिया गया। आरोप है कि बाद में आरोपी उसे करीब 10 मिनट बाद उसे गांव पिंजूपुरा के फ्लाईओवर पर फेंककर फरार हो गए।

चौदह सहज पाठ सहित श्री गुरू ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग डाला धार्मिक दीवान में रागी जत्थों ने गुरू की महिमा का किया बखान

# रागी जत्थों ने गुरु तेग बहादुर की शहादत को किया नमन

## नौवी पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी गुरूपर्व श्रद्धा से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी गुरूपर्व मंगलवार को ऐतिहासिक गुरूद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में श्रद्धा से मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में सबसे पहले रखे गए चौदह सहज पाठ सहित श्री गुरू ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग डाला गया। ततपश्चात गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाया गया। जिसमें गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई जसबीर सिंह रमदसिया के रागी जत्थे द्वारा निरोल गुरबाणी शब्द कीर्तन का गायन किया गया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने गुरु तेग बहादुर साहिब की शहीदी को नमन करते हुए कहा कि हमें श्री गुरु तेग बहादुर जी की महान शिक्षाओं को सदैव याद रखना चाहिए। हमें सुख, दुख, सम्मान और अपमान में स्थिर और संतुलित जीवन व्यतीत करना चाहिए। उनकी शिक्षाएं हमें उद्देश्यपूर्ण जीवन और समानता, सद्भाव नैतिक मूल्यों का पालन करने व सामाजिक जीवन में सुरूचिता बनाए बनाए रखने के मार्ग पर चलना सिखाती हैं। दीवान की समाप्ति पर गुरु का अटूट लंगर भी संगतों में बरताया गया। वहीं जिले के गांव खरकबूरा व खटकड़ गांव में स्थित गुरूद्वारों में भी रखे गए श्री गुरू ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग डाला गया तथा भाई सतवंत सिंह व भाई रिषिपाल सिंह के रागी जत्थे द्वारा शब्द कीर्तन गायन किया गया।





जींद। हजूरी रागी भाई जसबीर सिंह रमदसिया का रागी जत्था गुरबाणी गायन करते हुए तथा गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में लंगर छकती हुई संगत और गुरुद्वारा साहिब में लंगर तैयार करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### धर्म छोडना नही, धर्म की रक्षा करना मेरा कर्तव्य

गुरूघर प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार 1675 में दिल्ली के औरंगजेब के दरबार में उनसे धर्म बदलने का दबाव बनाया गया लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों से पीछे हटने के बजाय पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि धर्म छोडना नही, धर्म की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है। इसके बाद साजिश रची गई और उन्हें कैद किया गया। बाद में 24 नवंबर को उन्हें शहीद कर दिया गया। गुरु तेग बहादुर की कहानी सिख धर्म के नौवें गुरु, एक महान योद्धा और आध्यात्मिक नेता की है। जो धार्मिक स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए। वे औरंगजेब के शासनकाल में कश्मीरी पंडितों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ खड़े हुए। जब उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने सिर दिया पर सिर नहीं दिया का हवाला देते हुए धर्म और सम्मान की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उनके इस बलिदान के कारण उन्हें हिद की चादर भी कहा जाता है।



### नहिं निंदिआ नहिं उसतति, जाके लोभ मोह अभिमाना

भाई सतवीर सिंह ने अपने कथा प्रवचनों में गुरू तेग बहादुर साहिब की शहीदी का इतिहास सुनाया। नहिं निंदिआ नहिं उसतति, जाकै लोभ मोह अभिमाना। हरख सोग ते रहै निआरऊ नाहि मान अपमाना। जो निंदा या प्रशंसा से प्रभावित नहीं होता, जो लोभ, मोह और अभिमान से दूर रहता है, जो सुख-दुख और मान-अपमान से निर्लिप्त है, वही सच्चा ज्ञानी है सच्चा धर्म समाज की सर्वोत्तम तरीके से सेवा करना सिखाता है।

# 3 दिवसीय हरियाणा उत्सव का आयोजन 28 से : वीसी

- हरियाणा उत्सव समारोह का उद्देश्य राज्य की समृद्ध संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीसी प्रो . रामपाल सैनी। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि आगामी 28, 29 और 30 नवंबर को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणा उत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह हरियाणा दिवस हरियाणवी संस्कृति को समर्पित होगा। हरियाणा उत्सव समारोह का उद्देश्य राज्य की समृद्ध संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करना है। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. रामपाल सैनी मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और राज्य के इतिहास के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इसके अंदर हरियाणा के रीति रिवाज और अन्य विधाओं से प्राचीन काल में उपयोग में आने वाले सामानों से विश्वविद्यालय के छात्रों को अवगत करवाना है। इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्यभर के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। वीसी प्रो. सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंदर लगभग आठ विश्वविद्यालय के कुलपति, हरियाणा के मंत्रिमंडल के सदस्य, एमपी और एमएलए मुख्यअतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। साथ ही हरियाणवी कलाकारों को भी मुख्य रूप से इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों को उनसे रूबरू होने का मौका मिलेगा।

### तीन दिवसीय समारोह में कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन

उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय समारोह में कुल 25 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, लोकगीत, नृत्य, चित्रकला प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य भर के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी रुचि दिखाई है। समारोह के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन डा. विजय कुमार, डायरेक्टर युवा एवं संस्कृत निदेशालय डा. अनिल कुमार, जनसंपर्क अधिकारी डा. अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रम संहिताओं के खिलाफ प्रदर्शन में जिले से बड़ी संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी बैठक जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान ओमपाल भाल ने व संचालन जिला सचिव शिवचरण ने किया। उन्होंने कहा कि पूंजीपारिपरस्त जिला स्तरीय प्रदर्शन में व 19 से 21 दिसंबर तक सिरसा में होने वाले सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के त्रिवार्षिक राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन में जिले से बड़ी संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, कैशियर रामफल दयोहरा,उपप्रधान सावित्री देवी,हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही और रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान रमेश हरित ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम तो तेज कर दिया है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा।



कैथल। कर्मचारियों को संबोधित करते सकसं के जिला प्रधान ओमपाल भाल।

# समस्याओं को लेकर सीएम से मिलेगा कश्यप समाज

- कश्यप समाज की जुटी महापंचायत में कई मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल में माता गेट स्थित कश्यप राजपूत धर्मशाला में सर्व कश्यप समाज के सभी संगठनों ने एक साथ मिल कर कश्यप महापंचायत का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कश्यप निषाद संगठन के उपाध्यक्ष सुल्तान सिंह कश्यप ने की और कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष गोपाल कश्यप ने किया। महा पंचायत में विशेष रूप से उत्तराखंड देहरादून गोरखधाम से महामंडलेश्वर योगेंद्र महंत साधु साध्वी सहित कार्यक्रम में पधारे तथा दिल्ली से ओमपाल कश्यप राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक जन शक्ति पार्टी, दरियाव सिँह कश्यप राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कश्यप मल्लाह विकास मंच, उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय कश्यप सेना के प्रदेशाध्यक्ष अमित कश्यप तथा हरियाणा से प्रदेश अध्यक्ष रामपाल कश्यप सहित प्रदेश के अनेक जिलों से गणमान्य व्यक्तियों तथा स्थानीय सरपंचों एवं पार्षदों ने भी सक्रिय सहभागिता की।




कैथल। बैठक में उपस्थित कश्यप समाज के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मांगों पर विस्तृत चर्चा

बैठक पूर्व सरपंच बलदेव कश्यप, सरपंच रामफल कश्यप, पाला राम कश्यप, जीता राम कश्यप, कर्मवीर कश्यप, रामभज कश्यप पूर्व सरपंच चंद्रभान कश्यप, जयपाल कश्यप, राजु कश्यप तथा अन्य सभी सर्व कश्यप समाज के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तृत चर्चा परिचर्चा के उपरांत निर्णय लिया गया कि कश्यप समाज अपनी तमाम समस्याओं और मुद्दों को लेकर महा पंचायत की कमेटी में मुख्य 51 सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री हरियाणा से भेंट वार्ता करने का समय लेगा। महा पंचायत में समाज के अनेक गंभीर मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

# मोबाइल का बढ़ता प्रयोग पड़ रहा है रिश्तों पर भारी : मनोज सहारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आज के आधुनिकता के दौर में मोबाइल और नयी तकनीक ने व्यक्तियों के बीच की दूरी बढ़ा दी हैं। पहले जमाने में लोग एक-दूसरे के साथ समय बिताते थे, लेकिन आज मोबाइल परिवार पर भारी पड़ता जा रहा है। मनोचिकित्सकों के पास बच्चों और लोगों को मोबाइल की लत लगने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम मोबाइल को परिवार और समय के ऊपर हावी नहीं होने दें। मनोज सहारण एडवोकेट ने कहा कि उनके पास जो मामले आते हैं, वह ज्यादातर बच्चों को मोबाइल की लत लगने की रहती है।मोबाइल के कारण बच्चों का परिवार के साथ संवाद काफी कम हो रहा है। वहीं टीनएजर्स में मोबाइल यूज को लेकर चिड़चिड़ापन बढ़ गया है। वर्चअल दुनिया में रहने से परिवार में उनका इंटरैक्शन कम हो गया है। बच्चों के सोने की अवधि बदल गयी है।



मनोज सहारण एडवोकेट

सहारण ने कहा कि आज अमूमन परिवार में देखा जा रहा है कि बड़े-छोटे सभी लोग मोबाइल देख रहे हैं। ज्यादातर एकल परिवारों में देखा गया है कि माताएं अपने बच्चों को खाना खिलाने के समय भी मोबाइल का प्रयोग कर रही हैं।




जींद। साथियों के साथ कुरुक्षेत्र रवाना होते हुए टेकराम कंडेला।

### कंडेला खाप की सरदारी कुरुक्षेत्र के लिए रवाना : कंडेला

**जींद।** सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला के नेतृत्व में गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी वर्ष समागम के उपलक्ष में मंगलवार को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचेंगे। हरियाणा के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत करेंगे। जिसमें प्रदेश के लोग भारी संख्या में पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को संबोधित करने के बाद ज्योतिसर ब्रह्म सरोवर पर शाम को आरती में भी शामिल होंगे। ऐसे प्रोग्राम से देश की अखंडता और एकता में मजबूती आएगी। इस मौके पर कंडेला के साथ कुरुक्षेत्र जाने वालों में अजमेर सिंह दालमवाला, मेहताब सिंह अहलावत, हजूरा सिंह प्रधान, नंदी पंचायत मेंबर, बेदू वाल्मीकि, सत्यवान कंडेला, रामकेश शर्मा कंडेला आदि भारी संख्या में लोग साथ थे।

# शिक्षकों को मिलेंगे तीन प्रतिपूरक अवकाश

**जींद।** ग्रीष्मावकाश के दौरान कक्षा पहली से पांचवीं से शिक्षकों के लिए निपुण हरियाणा के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थिति के लिए शिक्षकों को तीन प्रतिपूरक अवकाश प्रदान किए जाएंगे। यह अवकाश 31 जनवरी 2026 तक उपयोग किया जा सकता है। इसमें से एक दिन का अवकाश नवंबर माहए एक अवकाश दिसंबर माह में और एक अवकाश जनवरी 2026 में लिया जा जा सकेगा ताकि नियमित शिक्षण गतिविधयां प्रभावित नहीं हो। निदेशालय ने कहा कि ऐसे में सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से अनुरोध है कि जून 2025 में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण में पूर्ण रूप से सम्मिलित हुए शिक्षकों को उपरोक्त प्रावधान का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के भी जिला शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। एफएलएन जिला कोर्डिनेटर राजेश ने बताया कि जारी किए गए पत्र में निदेशालय ने कहा है कि शिक्षा विभाग द्वारा निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षकों के लिए 27 मई से लेकर 30 जून तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।



जींद। गुरूद्वारे का भ्रमण करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### अमर बलिदानी गुरु श्री तेगबहादुर जी की 350वीं शहादत पर गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन कर अटूट लंगर चखा

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद की दशम, एकादश व द्वादश कक्षा के सभी संकायों के छात्र भैया, बहनों ने आज नगर के श्री मंजी साहिब जी गुरुद्वारा में संरक्षक आचार्यों के साथ गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन दर्शन किए। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने कहा कि देश धर्म की रक्षा के लिए अमर बलिदानी गुरु श्री तेगबहादुर ने अपने प्राणों को न्यौछावर किया था। उन्होंने कहा कि सिखों के नौवें गुरु श्री तेगबहादुर ने देश के लिए जो शहादत दी वह सदैव अविस्मरणीय रहेगी। प्रधानाचार्य ने शहर के बड़े गुरुद्वारे में विद्यालय के छात्रों को गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ श्रवण के लिए संदीप, सुशील, सुधीर व रितु के संरक्षण में भेजकर देश भक्ति व गुरु भक्ति का संदेश प्रेषित किया। इससे पूर्व 14, 15 व 16 नवंबर को भी सतीश व अन्य आचार्यों के साथ गुरुद्वारा दर्शन के लिए वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों को ले जाया गया था। आज भी छात्रों ने गुरुओं की महानता को स्मरण करते हुए आचार्य भैया, बहनों के साथ गुरुद्वारे में मत्था टेका।

**शिक्षा में सुधार** | जिला जींद निपुण से निपुणता की ओर, नन्हे-मुन्नों की शिक्षा का सुधरेगा स्तर

कक्षा दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों का सेंसस आधारित आंकलन करवाया गया

# प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा उठाया कदम : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों की मूलभूत साक्षरता एवं सं यात्मक दक्षताओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निपुण से निपुणता की ओर अभियान के तहत कक्षा दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों का सेंसस आधारित आंकलन करवाया गया। यह आंकलन 15 और 16 सितंबर को जिला जींद के सभी 423 प्राथमिक विद्यालयों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आंकलन का मुख्य उद्देश्य यह जानना था कि विद्यार्थी पढने, लिखने और गणना करने जैसी मूलभूत दक्षताओं में कितने निपुण हैं। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने पीजीटी और टीजीटी अध्यापकों को जिम्मेदारी सौंपी, जिन्होंने मोबाइल ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया।



जींद। बच्चों को पढ़ाते हुए राजेश वशिष्ठ।

### विद्यालयों का वर्गीकरण और परिणाम

आंकलन के परिणामों के आधार पर विद्यालयों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया

कैटेगरी ए ऐसे विद्यालय, जिनमें 75 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने सभी दक्षताओं में निपुणता प्राप्त की ।

कैटेगरी बी ऐसे विद्यालय, जिनमें 50 से 75 प्रतिशत के बीच विद्यार्थियों ने निपुणता प्राप्त की।

कैटेगरी सी ऐसे विद्यालय, जिनमें 50 प्रतिशत से कम विद्यार्थी निपुण पाए गए।

कैटेगरी सी में आने वाले विद्यालयों के लिए विशेष उपचारात्मक शिक्षण योजना तैयार की गई है। इस योजना का उद्देश्य कमजोर विद्यार्थियों को दक्षता स्तर तक पहुंचाना है ताकि कोई भी बच्चा सीखने की मूलभूत क्षमताओं से वंचित न रहे।

### उपचारात्मक शिक्षण योजना का क्रियान्वयन

इस योजना के तहत कक्षा दूसरी और तीसरी के शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन 35 से 45 मिनट की एक विशेष उपचारात्मक कक्षा आयोजित की जाएगी। इन कक्षाओं में विद्यार्थियों को उन्हीं दक्षताओं पर अभ्यास कराया जाएगा, जिनमें वे पिछड़ रहे हैं। इस योजना की अंतिम तिथि 20 दिसंबर निर्धारित की गई है।

**साप्ताहिक आकलन और रिपोर्टिंग प्रणाली:** योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए साप्ताहिक आंकलन और रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की गई है । प्रत्येक सप्ताह शिक्षक विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन करेंगे और रिपोर्ट तैयार कर संकुल, खंड और जिला स्तर पर भेजेंगे। इन रिपोर्टों के आधार पर विद्यार्थियों की प्रगति का विश्लेषण किया जाएगा।

### तीन स्तरों पर निगरानी व्यवस्था

योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए तीन स्तरों पर निगरानी की व्यवस्था की गई है। संकुल स्तर पर -संकुल मुखिया, एबीआरसी और डीडीओ विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे तथा शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन देंगे। खंड स्तर पर- खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निरीक्षण कर शिक्षकों को दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे।

### निपुण भारत मिशन की दिशा में सशक्त पहल

एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निपुण से निपुणता की ओर अभियान निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस पहल से न केवल विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में सुधार होगा बल्कि शिक्षकों को भी दक्षता-आधारित शिक्षण पद्धति को अपनाने का अवसर मिलेगा।




सीवन। सीवन से कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होते लोग। फोटो : हरिभूमि

### श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर सीवन से श्रद्धालुओं का जत्था कुरुक्षेत्र रवाना

**सीवन।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के पावन उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के विराट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सीवन से श्रद्धालुओं का एक विशाल जत्था आज प्रातः भक्ति-भाव से ओतप्रोत वातावरण में कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुआ। रवाना होते समय पूरे मार्ग में सतनाम वाहेगुरु के ऊंचे, गूंजते और आत्मा को स्पर्श करते जयकारों से सीवन की संकरी गलियों से लेकर मुख्य मार्ग तक अद्भुत अध्यात्मिक छटा बिखर गई। पूर्व सरपंचसतीश मुंजाल और समाजसेवी संदीप सैनी, पार्षद विकास शर्मा व पार्षद रामदास आर्य ने बताया कि कुरुक्षेत्र में होने वाला यह दिव्य समारोह देश के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, संत-समाज के महापुरुषों तथा देशभर से पहुंचने वाली विशाल संगत की उपस्थिति इस आयोजन को और भी पावन व भव्य बनाएगी। इस दौरान पार्षद संजय कंसल, जितेंद्र शर्मा, विक्की ग्रोवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर, सुभाष भगत, प्रदीप मेहता, सुशील गुर्जर सहित बड़ी संख्या में साध-संगत उपस्थित रही।